राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर
अध्यक्ष सचिवालय,

क्रमांक: TACM/WC/21/10-11/ 144 दिनांक 1. 10. 2010

# कार्यवाही विवरण

## कार्य समिति बैठक संख्या 04/2010–11
## दिनांक : 28.09..2010

**कार्य समिति** की बैठक दिनांक 28.09..2010 **को प्रातः** 11.30 बजे माननीय **अध्यक्ष, राजस्थान आवासन** मण्डल की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।

उपस्थितः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री ललित कोठारी, अध्यक्ष, राज.आ.म.जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पी.के.गोयल,आवासन आयुक्त राज.आ.म,जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्री एच.सी. अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता, राज.आ.म. जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री अनिल जैन, वि0स0 एवं मु0लेखाधिकारी, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य |
| 5. | श्री के.सी. मीणा, अति0 मु0 अ0 (प्रथम), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 6. | श्री डी.सी. बाबेल, अति0 मु0अ0 (तृतीय), राज. आ. म, जयपुर। | सदस्य |
| 7. | श्री के.एन. माथुर, तक0 सहायक–अध्यक्ष, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य–सचिव |

मुख्य नगर नियोजक विदेश यात्रा पर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके।

विशेष आमंत्रितः

1. श्री आर.के. अग्रवाल, तकनीकी सहायक–मुख्य अभियंता, राज.आ.मण्डल, जयपुर।
2. श्री नत्थूराम, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, रा.आ.म.,जयपुर।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने यह कहा कि परियोजना हेतु तकनीकी स्वीकृति से पूर्व सभी प्रकार की तकनीकी जॉच की जाकर, डिजाईन इत्यादि तैयार करवाने के पश्चात् ही तकमीने बनाए जाने चाहिए जिससे निविदाएं आमंत्रित करने के पश्चात् जी–शिड्युल में डिजाईन इत्यादि के आधार पर बदलाव की संभावना नहीं रहे तथा विचलन कम से कम हो।

आवासन आयुक्त महोदय ने यह कहा कि प्रायः यह देखा गया है कि एक बड़े कार्य का कार्य विभाजन किया जाकर निविदाएं आमंत्रित करने पर विभिन्न निविदाओं में दरें भिन्न प्राप्त होती है तथा कई बार दरों में काफी अन्तर पाया जाता है। जब निविदा की स्वीकृति हेतु सक्षम अधिकारी भिन्न हो तो दरें स्वीकृत करने में कठिनाई होती है विशेषकर ऐसे प्रकरण जब कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं तथा कम दरों में नीचे के अधिकारी द्वारा निविदाएं स्वीकृत कर दी जाती हैं एवं अधिक दरों की निविदाएं स्वीकृति समिति द्वारा की जानी होती है। ऐसे प्रकरणों में जब एक ही प्रकार के कार्य हेतु एक ही समय में आमंत्रित निविदाओं में प्राप्त दरों में काफी अन्तर हो तो यह उचित रहेगा कि विभिन्न दरों हेतु प्राप्त निविदाएं उच्चतर सक्षम अधिकारी के समक्ष स्वीकृति हेतु विचारार्थ प्रस्तुत की जाए ताकि निविदाओं का निस्तारण सही प्रकार किया जा सके। इस सम्बन्ध में उचित कार्यादेश जारी किया जाना उचित रहेगा। उन्होने मुख्य अभियन्ता तथा वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी से अपेक्षा की कि इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पत्रावली पर प्रस्तुत किया जाए।

कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेन्डा पर विस्तृत विचार विमर्श पश्चात् निम्न निर्णय लिये गयेः–

**Agenda No. 1** **Confirmation of Minutes of the Works Committee meeting No. 3/10-11 held on 19.07.10.**

बैठक के प्रारम्भ में दिनांक 19.07.2010 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**Agenda No. 2** **Action Taken Report - Works Committee meeting No. 3/10-11 held on 19.07.2010.**

विचार बिन्दु पर चर्चा कर गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

**Agenda No. 3** **Approval of Tender for construction of HIG 56 Nos. complete houses Zone-I, RHB Colony, Hanumangarh. Contractor - M/s. Apex Construction Co.**

Cnet/114
22.10.10

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स अपैक्स कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा हनुमानगढ़ वृत्त की बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी–शिड्युल से ४.९१ प्रतिशत कम दर दी गई है। दर कम कराने हेतु निगोशिएसन किए गए परन्तु दर कम नहीं की गई। समान कार्य हेतु जोन–।। एच.आई.जी. के 22 मकानों हेतु मुख्य अभियन्ता महोदय के स्तर पर स्वीकृत किए जाने वाली निविदा में मैसर्स आई.एस. बिल्डर्स द्वारा अपनी दरें काउन्टर ऑफर की प्रकिया अपनाये जाने के पश्चात 11.59 प्रतिशत कम दी गई है। निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के कारण प्रकरण समिति के समक्ष विचार बिन्दु संख्या 25 पर प्रस्तुत किया गया है अतः वर्तमान प्रकरण में भी न्यूनतम निविदादाता को काउन्टर ऑफर दिया जाना प्रस्तावित है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स अपैक्स कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को हनुमानगढ़ वृत्त की बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी–शिड्युल से 11.59 प्रतिशत कम दर की काउन्टर ऑफर दिया जाना स्वीकृत किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता द्वारा काउन्टर ऑफर स्वीकार नहीं किए जाने की दशा में नियमानुसार अग्रिम प्रक्रिया अपनाई जावे। काउन्टर ऑफर प्राप्त की जाकर पत्रावली पर अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति ली जाकर कायदेश जारी कर दिया जाए।

**Agenda No. 4** **Approval of Tender for construction of 56 Nos. MIG-B (Duplex) SFS Houses in Sector-03, Zone-C&D, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Rajputana Construction.**

TA-ACE 389
14-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राजपूताना कन्स्ट्रक्शन द्वारा जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 16.00 प्रतिशत कम दर दी गई है। उप आवासन आयुक्त, वृत्त तृतीय द्वारा आर.टी.पी. का आंकलन किया गया जिसके अनुसार दरें जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर 7.56 अधिक को दृष्टिगत रख एवं कुछ माह पूर्व स्वीकृत की गई दर को दृष्टिगत रख न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दर उचित प्रतीत होती है। चूंकि अन्य निविदा में दर इससे कम प्राप्त हुई है

अतः न्यूनतम निविदादाता से दरें कम कराने का एक प्रयास किया जाना उचित रहेगा।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राजपूताना कन्स्ट्रक्शन से एक बार और निगोशिएसन किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्य अभियन्ता स्तर पर निगोशिएसन किये जाने के पश्चात् निविदा की स्वीकृति अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् की जाकर कार्यादेश जारी कर दिया जावे।

**Agenda No. 5** **Approval of Tender for finishing work of HIG-I 36 Nos. & HIG-II 36 Nos. skeleton flats (Stilt+9 Storey), Block-E, Mewar Apartment at Sector-15, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Kapil Dev Agarwal.**

TAACE 386
13-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स कपिलदेव अग्रवाल ने अपनी दरें जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 7.11 प्रतिशत कम दी है परन्तु उन्होने शिड्युल के पार्ट–डी में आईटम नं. 1 व 2, जो कि आईटम रेट पर दरें मांगी गई थी, में कोई दरें नहीं भरी है। इन दो आईटम का वित्तीय भार की गणना अगर द्वितीय न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दरों के आधार पर रु. 38.79 लाख होगा। इस प्रकार बी.एस.आर. पर आधारित जी–शिड्युल पर प्रतिशतता के आधार पर दी गई दर अधिक होने के उपरान्त भी मैसर्स कपिलदेव अग्रवाल न्यूनतम निविदादाता है तथा यह माना जाएगा कि वे इन दो आईटम का निष्पादन बिना किसी लागत मुफ्त करेगें। तथ्यों के आधार पर न्यूनतम निविदादाता मैसर्स कपिलदेव अग्रवाल को उनके द्वारा दी गई दरों पर निविदा स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में मैसर्स कपिलदेव अग्रवाल द्वारा दी गई जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 7.11 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया गया साथ ही प्रस्तावानुसार शिड्युल के पार्ट–डी में आईटम नं. 1 व 2 की दर शून्य मानते हुए बिना लागत निविदादाता द्वारा कार्य करवाए जाने की स्वीकृति दी गई।

**Agenda No. 6** **Approval of Tender for construction of EWS (G+3) 256 Nos. flats (Phase-III), Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Hari Narayan Khandelwal.**

TACE 355
06-10-10

निरस्त

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रकरण में चार निविदा प्रपत्र बेचे गए तथा एक ही निविदा प्राप्त हुई। निविदादाता मैसर्स हरिनारायण खण्डेलवाल द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 1.41 प्रतिशत कम थी। मुख्य अभियन्ता स्तर पर एक बार दरें कम करवाने हेतु निगोशिएसन आमंत्रित किए गए जिसके अनुसार एकल निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दर 5.41 प्रतिशत कम प्राप्त हुई। प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैसर्स हरिनारायण खण्डेलवाल द्वारा दी गई एकल निविदा में उनके द्वारा दी गई संशोधित दर समान कार्यो हेतु अन्य निविदाओं में प्राप्त दरों से अधिक है। चूंकि प्रकरण में एकल निविदा प्राप्त हुई है तथा प्राप्त की गई संशोधित दर भी अधिक प्रतीत

होती है अतः निविदा को निरस्त किया जाकर पुनः निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**Agenda No. 7** **Approval of Tender for construction of EWS (G+3) 272 Nos. Flats (Phase-I), Zone-I, Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Rajputana Construction Pvt. Ltd.**

TA+CE 373 / 12-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राजपूताना कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि. द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 15.54 प्रतिशत कम है। उप आवासन आयुक्त कार्यालय द्वारा आंकी गई आर.टी.पी. के अनुसार जी–शिड्युल पर दरें 1.49 प्रतिशत अधिक तक उचित है। पूर्व में स्वीकृत दरों को दृष्टिगत रख भी न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दर उचित प्रतीत होती है एवं स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैससं राजपूताना कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लि. द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 15.54 प्रतिशत कम दर स्वीकृत की जाए।

**Agenda No. 8** **Approval of Tender for construction of 32 Nos. MIG-B (Duplex) SFS Houses in Sector-03, Zone-A, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. K.G. Construction Co.**

TA+CE 375 / 12-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.जी. कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 19.57 प्रतिशत कम है। उप आवासन आयुक्त कार्यालय द्वारा आंकी गई आर.टी.पी. के अनुसार जी–शिड्युल पर दरें 7.56 प्रतिशत अधिक तक उचित है। न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दरें पूर्व में स्वीकृत दरों से भी कम है एवं स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैसर्स के.जी. कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 19.57 प्रतिशत कम दर स्वीकृत की जाए।

**Agenda No. 9** **Approval of Tender for construction of 133 Nos. MIG-A houses Zone-I in Sector-7, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Rakesh Construction Co.**

TA+CE 372 / 11-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राकेश कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 15.51 प्रतिशत कम है। उप आवासन आयुक्त कार्यालय द्वारा आंकी गई आर.टी.पी. के अनुसार जी–शिड्युल पर दरें 7.91 प्रतिशत अधिक तक उचित है। न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दरें पूर्व में स्वीकृत दरों से भी कम है एवं स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैसर्स राकेश कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 15.51 प्रतिशत कम दर स्वीकृत की जाए।

Agenda No. 10 **Approval of Tender for Finishing work of HIG-I 40 Nos. & HIG-II 10 Nos. skeleton flats (Stilt+10 Storey), Zone-V, Pratap Apatments at Sector-29, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Raj Construction.**

TAKE 374 / 12-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स राज कन्स्ट्रक्शन द्वारा पार्ट–ए पर दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 3.45 प्रतिशत कम थी तथा पार्ट–बी की दरें आईटम रेट के आधार पर हैं। न्यूनतम निविदादाता से मुख्य अभियन्ता स्तर पर एक बार निगोशिएसन किया गया जिसके अनुसार पार्ट–ए पर संशोधित दर 3.95 प्रतिशत कम प्राप्त हुई तथा पार्ट–बी की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया। उप आवासन आयुक्त कार्यालय द्वारा आंकी गई आर.टी.पी. के अनुसार जी–शिड्युल पार्ट–ए पर दरें 5.55 प्रतिशत अधिक तक उचित है तथा पार्ट–बी पर दी गई दरें भी उचित हैं। न्यूनत्म निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दरें पूर्व में स्वीकृत दरों से भी कम है एवं स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैसर्स राज कन्स्ट्रक्शन द्वारा पार्ट–ए पर दी गई दर जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 3.95 प्रतिशत कम दर स्वीकृत की जाए तथा साथ ही पार्ट–बी में दी गई आईटम रेट दरें स्वीकृत की जाए।

Agenda No. 11 **Approval of Tender for construction of EWS (G+3) 240 Nos. Flats (Phase-I), Zone-II, Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Suresh Chand Sukla.**

TAKE 391 / 14-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रकरण में नौ निवदा प्रपत्र बेचे गए परन्तु एक ही निविदा प्राप्त हुई। एकल निविदादाता मैसर्स सुरेश चन्द शुक्ला द्वारा जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 12.21 प्रतिशत कम दर दी गई है। उप आवासन आयुक्त, वृत्त प्रथम द्वारा आर.टी.पी. का आंकलन किया गया जिसके अनुसार दरें जयपुर बी.एस. आर. 2008 पर 1.49 अधिक को दृष्टिगत रख एकल निविदादाता द्वारा दी गई दर उचित प्रतीत होती है। चूंकि समान कार्य हेतु अन्य निविदाओं में दरें इससे कम प्राप्त हुई है अतः एकल निविदादाता से दर कम कराने का एक प्रयास किया जाना उचित रहेगा।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में एकल निविदादाता मैसर्स सुरेश चन्द शुक्ला से एक बार और निगोशिएसन किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि मुख्य अभियन्ता स्तर पर निगोशिएसन किये जाने के पश्चात् निविदा की स्वीकृति अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् की जाकर कायदिश जारी कर दिया जावे।

Agenda No. 12 **Approval of Tender for construction of MIG-A 33 Nos., MIG-B 16 Nos. & HIG 12 nos. houses at CHS, Nainwa, Distt. Bundi. Contractor - M/s. Shilpa Construction.**

Cancelled

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स शिल्पा कन्स्ट्रक्शन द्वारा दी गई दर सिविल कार्य हेतु बी.एस.आर. 2008 तथा बिजली के कार्य हेतु बी.एस.आर. 2004 पर आधारित

जी–शिड्युल से 42.00 प्रतिशत अधिक थी। मुख्य अभियन्ता स्तर पर एक बार दरें कम करवाने हेतु निगोशिएसन आमंत्रित किए गए जिसके अनुसार न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दर 38.87 प्रतिशत अधिक प्राप्त हुई। उनके अनुसार प्राप्त हुई दरें आर.टी.पी. एवं कोटा वृत्त के अन्य कार्यों हेतु स्वीकृत दरों से अभी भी अधिक प्रतीत होती है। प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया कि मैसर्स शिल्पा कन्स्ट्रक्शन द्वारा दी गई संशोधित दर समान कार्यों हेतु अन्य निविदाओं में प्राप्त दरों से अधिक है। अतः निविदा को निरस्त किया जाकर पुनः निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**Agenda No. 13** मुक्ता प्रसाद नगर, बीकानेर में अल्प आय वर्ग के 100 आवास, आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग हेतु 162 आवास तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग हेतु 88 आवासों में निर्माण हेतु जारी कार्यादेश वापिस लेने बाबत।

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष प्रकरण के सम्बन्ध में बताया कि मुक्ता प्रसाद नगर, बीकानेर में उपनिवेश विभाग द्वारा वर्ष 1983 में आवंटित भूमि का कब्जा 12 जुलाई 1984 को ले लिया था। उक्त भूमि पर पूर्व में व्यावसायिक एवं अन्य प्रयोजनार्थ प्लानिंग की हुई थी। लंबित पंजीकरणों को दृष्टिगत रख मण्डल द्वारा प्रोजेक्ट कमेटी की 117वीं बैठक दिनांक 28.7.09 में नक्शे में आंशिक संशोधन किया जाकर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग–अ व मध्यम आय वर्ग–ब के आवासों की प्लानिंग कराई गई तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति पश्चात् निविदाएं आमंत्रित कर अक्टूबर 2009 में चार कार्यों हेतु कार्यादेश जारी कर दिए गए। कार्य प्रारम्भ करते समय मौके पर पाया गया कि सम्बन्धित भूमि पर अतिक्रमण है परन्तु अतिक्रमण हटाने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई प्रारम्भ करने पर उपखण्ड अधिकारी, बीकानेर द्वारा खसरा संख्या 757 पर स्थगन आदेश दिए जाने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सके। मण्डल द्वारा प्रयास किए जाने के पश्चात् भी विधिक कारणों से अभी तक अतिक्रमण नहीं हटवाए जा सके हैं। एक संविदाकर्ता मैसर्स आदिल कन्सट्रक्शन को जारी कार्यादेश के अर्न्तगत अल्प आय वर्ग के 50 मकान अन्यत्र शुरु करवाए जा चुके हैं तथा अन्य तीन कार्यादेशों के अर्न्तगत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग में मैसर्स के.डी. बिल्डर्स के 88 मकान, मैसर्स कक्कड़ कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के 162 मकान, तथा अल्प आय वर्ग में मैसर्स कक्कड़ कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के 100 मकानों का कार्य लगभग 1 वर्ष के पश्चात् भी प्रारम्भ नहीं किए जा सके हैं तथा संवेदकों द्वारा बाजार दरों में वृद्धि के आधार पर भविष्य में भूमि उपलब्ध होने की दशा में कार्य प्रारम्भ करने में असमर्थतता जताई है। उन्होने यह भी आग्रह किया है कि उपरोक्त तीनों कार्यादेश वापिस ले लिए जाएं तथा उन्होने लिखित में प्रतिवेदन दिया है कि वे भविष्य में इन कार्यादेशों के विरुद्ध किसी प्रकार का क्षतिपूर्ति सम्बन्धि दावा प्रस्तुत नहीं करेगें।

प्रकरण में विचार कर समिति द्वारा तीनों संदर्भित कार्यादेशों में संवेदकों से बिना किसी पैनल्टी इत्यादि के कार्यादेश वापिस लेने का निर्णय लिया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में भूमि की उपलब्धता के आधार पर जब भी कार्य प्रारम्भ किए जाने की संभावना हो तो नए सिरे से निविदाएं आमंत्रित की जाए।

Agenda No. 14 **Approval of splitting for the construction work of HIG-100 Nos. houses at Sector-07, Indira Gandhi Nagar (Jagatpura), Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| ZONE-I | HIG | 56 | 555.52 |
| ZONE-II | HIG | 44 | 436.48 |
| | Total | 100 | 992.00 |

Agenda No. 15 **Approval of splitting for the construction work of HIG-106 Nos. houses at Sector-07, Indira Gandhi Nagar (Jagatpura), Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| ZONE | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| A | HIG | 36 | 339.48 |
| B | HIG | 36 | 339.48 |
| C | HIG | 34 | 320.62 |
| | TOTAL | 106 | 999.58 |

Agenda No. 16 **Approval of splitting for construction of EWS -128 & LIG -96 = Total 224 Nos. (G+3) Flats at Housing Scheme, Barmer.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Sr.No | ZONE | Particulars | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | A | EWS = 64 | 234.88 |
| 2 | B | EWS = 64 | 234.88 |
| 3 | C | LIG = 48 | 264.00 |
| 4 | D | LIG = 48 | 264.00 |
| | TOTAL | 224 | 997.76 |

Agenda No. 17 **Approval of splitting for the construction work of SRS MIG-A 112 Nos. G+3 Flats at Sector 01, Indira Gandhi Nagar (Jagatpura), Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| I | MIG-A | 64 | 467.08 |
| II | MIG-A | 48 | 350.32 |
| | | Total | 817.40 |

**Agenda No. 18 Approval of splitting for construction work of LIG (G+3) - 208 Flats in Phase-I at Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:—

| S.No. | Zone | Name of work | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | A | Construction of LIG (G+3) - 80 flats | 374.00 |
| 2 | B | Construction of LIG (G+3) - 128 flats. | 599.00 |
| 3 | - | Soil investigation Design, Testing of materials. | 5.00 |
| | | Total | 978.00 |

**Agenda No. 19 Approval of splitting for construction work LIG (G+3) - 208 Flats in Phase-II at Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:—

| Sr.No | Zone | Name of work | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | C | Construction of LIG (G+3) - 80 flats. | 374.00 |
| 2 | D | Construction of LIG (G+3) - 128 flats. | 599.00 |
| 3 | - | Soil investigation Design, Testing of materials. | 5.00 |
| | | Total | 978.00 |

**Agenda No. 20 Approval of splitting of works to be executed under water supply scheme Sector-28, Pratap Nagar, RHB, Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर प्रस्तावानुसार कार्य के विभाजन की कार्योत्तर स्वीकृति निम्नानुसार दी गई:—

| Sr. No | Name of work | Amount (Rs.) | Reason |
|---|---|---|---|
| (i) | Providing, laying & jointing of DI K-7 transfer line. | 12273003.00 | Since the material for this work is different and contractor's are also different. Time taken in execution is also different. |
| (ii) | Construction of RCC OHSR of 8.25 Lac liter capacity. | 8155000.00 | This is specilized work needs special shuttering material for different capacity OHSR. The contractor for this work are also different. The materials for this works are also different from the Item No. 1. |
| (iii) | Providing, laying & jointing of rising & | 10370744.00 | Although the excavation is same as |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | distribution line. | | the item No. 1 but material used in distribution is different in item No. 1 and in this item uPVC pipes are being used. So works need splitting. |
| (iv) | Providing & installtion pumping machinery. | 4378750.00 | This item contains civil, mechanical as well as electrical works. So contractor with required experience in this are different and materials are also different. So need splitting. |
| (v) | Construction of tubewells as source. | 1803966.00 | Construction of T.W. is different from the above works. The contractor are different for this work. It requires Rig Machine. So need splitting. |
| (vi) | Provision for civil work, water harvesting structure and chlorinator. | 2009300.00 | Some items in this work are common with the item No. 4. But the construction of water harvesting structure and chlorinator are also different in this work. So need splitting. |
| (vii) | General work: Power connection and O&M. | 8391604.00 | This work is to be done after completino of work item No. 1 to 6. This work needs liesening with JVVNL and PHED. So need splitting. |
| | Total | 47382367.00 | |

**Agenda No. 21** **Approval of final deviation statement for construction of HIG-I-40 & HIG-II-10 Nos skeleton flats (Stilt+10 Storey) at Pratap Apartment, Sector-29, Zone-V, Pratap nagar, Sanganer, Jaipur - M/s. Eminent Colonizer Pvt. Ltd.**

357
06-10-10
TALCE

<u>विचलन प्रपत्र</u> – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 11.07 प्रतिशत कम का विचलन हुआ है। विलचंन का प्रमुख कारण तकमीने बनाते समय डिजाईन उपलब्ध नहीं था तथा वास्तविक डिजाईन उपलब्ध होने पर कार्य निष्पादन कराए जाने के पश्चात् प्रमुखतः आर.सी.सी. के कार्य में बचत हुई। विचलन प्रपत्र स्वीकार करन योग्य है।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 46867113.88 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

**Agenda No. 22 Approval of final deviation statement / extra items for construction of HIG-I 14 Nos. Houses at Tilak Nagar, Bhilwara. Contractor - M/s. Ankit Construction.**

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्य निष्पादन के दौरान कुछ आईटम में बचत हुई तथा कुछ आईटम की मात्रा अधिक निष्पादित की गई। कार्यस्थल लो–लाईग एरिया होने के कारण खुदाई में बचत हुई जबकि नीवं की चुनाई तथा मिट्टी भराई अधिक करवानी पड़ी। सामने की चारदिवारी ईंटों से बनाई जिसके कारण ईटों के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई तथा प्लास्टर के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होने यह भी बताया कि मार्बल के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई चूंकि पोर्च की फर्श पर भी मार्बल लगाया गया। बचत की दृष्टि से खिड़कियों में जाली के पल्ले इत्यादि नहीं लगाए गए, बाहर के जी.आई. पाइप नहीं लगाए गए तथा कन्ड्यूट में वायरिंग इत्यादि नहीं कराई गई। इस प्रकार कुल विचलन 8.58 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक है। मकानों की अन्तिम लागत का निर्धारण किया जाकर अधिकतर मकानों के कब्जे दिए जा चुके हैं। अतः प्रस्तावानुसार कार्य में हुए विचलन स्वीकृति योग्य है।

   प्रस्ताव पर समिति द्वारा चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा मकान के फिनिशिंग कार्यों में की गई कटौती से असहमति दर्शाई। उनका यह कथन था कि आवंटी को अच्छे फिनिश मकान दिया जाना मण्डल का ध्येय होना चाहिए। इस प्रकार की कटौतियां उचित नहीं हैं पोर्च में मार्बल लगाया जाने का भी कोई औचित्य नहीं है। चूंकि मकानों की लागत निर्धारण होकर कब्जे दिए जा चुके है अतः अन्तिम विचलन प्रपत्र रु. 15238172.75 को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में भी कार्य समिति की बैठक संख्या 02/2010–11 में बिन्दु संख्या 15 में निर्णय लेते समय यह निर्देशित किया गया था कि आवासीय अभियन्ता से स्पष्टीकरण मांगा जाए कि किस सक्षम अधिकारी के निर्देशों से पोर्च में मार्बल लगाया गया तथा भविष्य में इस प्रकार के कार्य नहीं किए जावें इस हेतु मुख्य अभियन्ता से निर्देश जारी करने की अपेक्षा की गई थी। समिति द्वारा यह अपेक्षा की गई कि आवासीय अभियन्ता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण मय सम्बन्धित अधिकारियों के टिप्पणी के आगामी बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

2. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार उच्च आय वर्ग के आवासों में सीलिंग प्लास्टर, लकड़ी की चौखट, किचन में सिंक लगाने, वाटर प्रुफिंग कराने तथा डिस्टेम्परिंग करवाने के कार्य करवाने की आवश्यकता महसूस की गई तथा इन कार्यों हेतु अतिरिक्त आईटम (बी.एस.आर. 2005 पर आधारित) का निष्पादन करवाया गया। इन आईटम्स का समावेश अन्तिम लागत में किया जाकर मकानों के कब्जे दिए जा चुके हैं।

प्रस्ताव मे दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 790874.17 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

TACE 359
06-10-10

**Agenda No. 23** **Approval of Extra Items for construction of office building at Sector-4, I.G.Nagar, Jagatpura, Jaipur. M/s. Shri Meghalaya Construction & Supply Co.**

1. अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि ईन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा के सेक्टर–4 में मण्डल का कार्गालय भवन का निर्माण करवाया गया है। समय–समय पर विभिन्न अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान आवश्यकतानुसार कुछ अतिरिक्त कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए जिसके अनुसार कार्य करवाए जाने से अतिरिक्त आईटम की आवश्यकता समझी गई। कार्यादेश के कुल 11.13 प्रतिशत के अतिरिक्त आईटम करवाए गए जिनकी लागत रु. 1932779.32 है एवं स्वीकृति प्रस्तावित है।

   प्रस्ताव मे दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 1932779.32 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

TACE 360
06-10-10

2. विचलन प्रपत्रः – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि ईन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा के सेक्टर–4 में मण्डल का कार्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है। समय–समय पर विभिन्न अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान आवश्यकतानुसार कुछ अतिरिक्त कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए जिसके अनुसार कार्य करवाए जाने से कार्य में विचलन हुआ। कार्यादेश राशि से कुल विलचन 17.68 प्रतिशत हुआ तथा कार्यादेश की अन्तिम राशि रु. 20438701.68 स्वीकृत की जानी प्रस्तावित है।

   प्रस्ताव मे दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 20438701.68 का विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

**Agenda No. 24** **Approval of extra items for construction of remetalling & carpeting of road at Kishangarh Extension, Phase-II. Contractor - M/s. Vishwa Karma Engineering Works.**

RE(HQ)C/145
19.10.10

अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार किशनगढ़ योजना विस्तार फेज–द्वितीय में करवाए गए सड़क के कार्य में जी–शिड्युल में सीलकोट का आईटम सम्मिलित करने से रह गया जो कि अतिआवश्यक है। अतः आवश्यकतानुसार संदर्भित बी.एस.आर. पर आईटम सम्मिलित किया जाकर कार्य करवाया गया एवं रु. 115699.57 की राशि के अतिरिक्त आईटम की स्वीकृति प्रस्तावित है।

प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 115699.57 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

**Agenda No. 25** **Approval of Tender for construction of HIG 22 Nos. complete houses Zone-II, RHB Colony, Hanumangarh. Contractor - M/s. I.S. Builders.**

R E(hq)(II) 115
22-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि निविदा स्वीकृत करने हेतु मुख्य अभियन्ता सक्षम थे परन्तु निर्धारित अवधि में निविदा स्वीकृत नहीं हो पाने के कारण प्रकरण कार्य समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। आमंत्रित निविदा में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.डी. बिल्डर्स थे जिनकी दर हनुमानगढ़ बी.एस.आर. 2009 से 10.59 प्रतिशत कम थी। पूर्व में स्वीकृत दर जी–शिड्युल से 11.59 प्रतिशत कम थी। अतः निगोशिएसन करने के पश्चात् भी न्यूनतम निविदादाता द्वारा दरें कम नहीं किए जाने पर उन्हे जी–शिड्युल से 11.59 प्रतिशत कम दर हेतु काउन्टर ऑफर दी गई जो उन्होने स्वीकार नहीं की। इसके पश्चात् द्वितीय एवं तृतीय न्यूनतम निविदाताओं को भी काउन्टर ऑफर दिया गया जो उन्होने स्वीकार नहीं किया। इसके पश्चात् चतुर्थ न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आई.एस. बिल्डर्स को काउन्टर ऑफर दी गई जो उन्होने स्वीकार कर ली। चूंकि प्रकिया में समय लगने के कारण मुख्य अभियन्ता के स्तर पर निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के कारण मैसर्स आई.एस. बिल्डर्स द्वारा स्वीकार की गई काउन्टर ऑफर जी–शिड्युल से 11.59 प्रतिशत कम दर कार्य समिति के समक्ष स्वीकृत करने हेतु प्रस्तुत है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में मैसर्स आई.एस. बिल्डर्स द्वारा स्वीकार की गई काउन्टर ऑफर हनुमानगढ़ बी.एस.आर. 2009 पर आधारित जी–शिड्युल से 11.59 प्रतिशत कम दर को स्वीकृति दी गई।

**Agenda No. 26** **Approval of Tenders for construction of 44 Nos. MIG-B (Duplex) SFS House in Sector-03, Zone-B, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Giri Raj Construction.**

TAKE 390
14-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स गिरी राज कन्स्ट्रक्शन द्वारा जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 14.71 प्रतिशत कम दर दी गई है। मुख्य अभियन्ता के स्तर पर न्यूनतम निविदादाता से निगोशिएसन किए गए जिसके अनुसार संशोधित दरें जी–शिड्युल से 15.01 प्रतिशत कम प्राप्त हुई। उप आवासन आयुक्त कार्यालय द्वारा कार्य हेतु आर.टी.पी. जी–शिड्युल से 11.96 प्रतिशत अधिक दर्शाई गई। प्रकरण निर्णयार्थ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स गिरी राज कन्स्ट्रक्शन से एक बार और निगोशिएसन किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि मुख्य अभियन्ता स्तर पर निगोशिएसन किये जाने के पश्चात् निविदा की स्वीकृति अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् की जाकर कायदिश जारी कर दिया जावे।

**Agenda No. 27** **Approval of Tender for construction of work of EWS (G+3) 256 Nos. of Flats in Phase-II, Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur under "RHB Krishna Apartment Scheme". Contractor - M/s. S.S. Udyog.**

TAKE 392
14-10-10

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स एस.एस. उद्योग द्वारा जयपुर बी.एस.आर. 2008 पर आधारित जी–शिड्युल से 11.96 प्रतिशत कम दर दी गई। समान कार्यों हेतु विगत

दिनों स्वीकृत दरों को दृष्टिगत रख मुख्य अभियन्ता स्तर पर निगोशिएसन की जाकर संशोधित दरें मांगी गई। न्यूनतम निविदादाता द्वारा संशोधित दरें भी वही रखी गई।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर प्रकरण में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स एस.एस. उद्योग से एक बार और निगोशिएसन किए जाने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्य अभियन्ता स्तर पर निगोशिएसन किये जाने के पश्चात् निविदा की स्वीकृति अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् की जाकर कार्यादेश जारी कर दिया जावे।

**Agenda No. 28** **Approval of Final Deviation for the work of construction of LIG (G+3) 48 Nos. flats Zone-I at Sector-04, Bhiwadi. Contractor - M/s. Anurag Enterprises.**

विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 7.59 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण प्लिन्थ लेवल तक कॉलम के बीच चुनाई अधिक हो जाने, शटरिंग का कार्य अधिक हो जाने, डिजाईन के अनुसार आर.सी.सी. के सस्पेन्डेड फ्लोर इत्यादि का कार्य अधिक हो जाना इत्यादि था।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 18543079.55 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

**Agenda No. 29** **Approval of Final Deviation for the work of construction of LIG (G+3) 48 Nos. Flats Zone-III at Sector-04, Bhiwadi. Contractor - M/s. Anurag Enterprises.**

विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 7.59 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण प्लिन्थ लेवल तक कॉलम के बीच चुनाई अधिक हो जाने, शटरिंग का कार्य अधिक हो जाने, डिजाईन के अनुसार आर.सी.सी. के सस्पेन्डेड फ्लोर इत्यादि का कार्य अधिक हो जाना इत्यादि था।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 18523472.71 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

**Agenda No. 30** **Approval of Extra Items for the work of renovation, repair & maintenance of Guest House, 20/26, Mansarovar, Jaipur. Contractor - M/s. S.S. Enterprises.**

अतिरिक्त आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार मानसरोवर में मण्डल के विश्राम गृह में रिनोवेशन, रिपेयर, मेन्टेनेन्स इत्यादि के कार्य में विभिन्न अधिकारियों के निर्देशानुसार अतिरिक्त आईटम्स का निष्पादन करवाया गया। विश्राम गृह में तत्कालीन नगरीय एवं आवासन मंत्री का आवास भी कुछ समय के लिए रहा तथा आवश्यकतानुसार कार्य करवाए गए। करवाए गए अतिरिक्त आईटम की लागत रु. 595985.53 है जो कि कार्यादेश राशि का 29.66 प्रतिशत है।

प्रस्ताव मे दिए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई एवं रु. 595985.53 के अतिरिक्त आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किए गए।

**Agenda No. 31** **Approval of Final Deviation Statement for the work of beautification of road work at Shipra Path, V.T. Road, Sector-13 SFS, Mansarovar, Jaipur - M/s. R.M. Construction.**

Reg/E/128 12.10.10

विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष बताया कि मण्डल की मानसरोवर योजना, जयपुर में शिप्रा पथ, वी.टी. रोड़, सैक्टर–13, एस.एफ.एस. में सड़क के सौन्दर्यकरण इत्यादि का कार्य करवाया गया। समय–समय पर विभिन्न अधिकारियों एवं सरकार के निर्देशानुसार कार्य करवाने के कारण कार्य में विचलन हुआ। कार्य की अन्तिम लागत रु. 20511567.39 हुई जिसमें 6.05 प्रतिशत विचलन हुआ। विचलन स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया गया।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 20511567.39 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

**Agenda No. 32** **Approval of splitting for the construction work of MIG-A, 72 Nos. Flats under Special Registration Scheme - 2010 at Shivsinghpura Housing, Sikar.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| Sr.No | Zone | Category | Nos. | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | I | MIG-A | 32 | 232.56 |
| 2 | II | MIG-A | 40 | 290.70 |
| | | Total | 72 | 523.26 |

समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समाप्त की गयी।

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर।
2. निजी सचिव – आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर।
3. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
4. मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 जयपुर।
6. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–I/III, राज. आ. मंडल, जयपुर
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर /वृत्त जोधपुर प्रथम/द्वितीय।
8. तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राज.आ.मण्डल, जयपुर।

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष